विचारार्थ विषय:
परामर्शदाता - नर्सिंग और प्रसूति विद्या (परिवार नियोजन) / (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को शुद्ध रूप से संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं उत्तरदायित्व:

- परिवार नियोजना प्रभागों से इनपुट का समन्वय और शामिल करने, स्थिरता और तालमेल के लिए विश्लेषण करने, घटक-वार बच्चों की समीक्षा करने, मानकों का अनुपाल सुनिश्चित करने तथा राज्यों को इनपुट प्रदान करने जैसा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के लिए अंतिम पीआईपी के संशोधन और प्रस्तुत करने के लिए अपेक्षित है, के माध्यम से आबंटित राज्यों (पीआईपी) के कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना के लिए उत्तरदायी।

- राज्य की पीआईपी/जिला योजनाओं के प्रशिक्षण घटकों को तैयार करने में राज्यों/जिलों को सहायता करना।

- प्रणालियों की स्थापना, और क्षेत्र दौरों के माध्यम से पर्यवेक्षक स्टाफ एएनएम एवं एसएन और एमओ के प्रशिक्षण के माध्यम से परिवार नियोजना सेवा सुपुर्दगी में निरंतर सुधार की सुविधा प्रदान करने के लिए उत्तरदायी।

- परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत वैब आधारित एचएमआईएस आदि में प्राप्त रिपोर्टों/उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के माध्यम से अनुमोदित योजनाओं की प्रगति का आंकलन।

- राज्यों में दौरों के लिए जाँच सूची (परिवार नियोजना कार्यक्रम के तहत सेवा सुपुर्दगी की गुणवत्ता प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं के प्रशिक्षण पश्चात निष्पादन पर बल देते हुए का विकास और अनुमोदन प्रक्रिया।

- जिलों/सुविधा केन्द्रों का आवधिक दौरा और विशेषत: राज्यों में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम के गुण और कमजोरियों का पता लगाने और उसकी समीक्षा करने के लिए परिवार नियोजन सेवाओं की सुपर्दगी का अवलोकन करना तथा कमजोरियों को दूर करने के लिए सहमत उपायों को सुनिश्चित करने हेतु फॉलो-अप।

- राज्यों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से प्राप्त रिपोर्टो के विश्लेषण सहित विभिन्न प्रश्नों के संबंध में जानकारी देना।

- कार्य के प्राथमिक क्षेत्रों में परिवार नियोजन योजनाओं की निगरानी करना। जैसे आशा कर्मियों द्वारा गर्भ-निरोधकों की घर पर डिलिवरी, जन्म के बीच अंतर योजना, पीआईपी मूल्यांकन, पुरुष और महिला रिकेनेलाइजेशन केन्द्र को सुदृढ़ करना, परिवार नियोजन संबंधी प्रशिक्षणों की मॉनीटरिंग, विश्व जनसंख्या दिवस, विश्व नसबंदी सप्ताह आदि का आयोजन मॉनीटरिंग करना।

- क्षेत्र दौरों/मॉनीटरिंग से प्राप्त फीडबैक के आधार पर मौजूदा परिवार नियोजन दिशानिदेशों की समीक्षा और संशोधित दिशानिदेशों का संशोधन/तैयार करना (यदि आवश्यक हो); यह सुनिश्चित करना कि आवश्यक अनुमोदन प्राप्त हो और कार्यशालाओं आदि के माध्यम से दिशानिर्देश प्रसारित हो।

- परिवार नियोजना कार्यक्रम के तह सेवा सुपुर्दगी / गुणवत्ता में सुधार के लिए योजना एवं मॉनीटरिंग प्रणालियों में निरंतर प्रक्रिया सुधार करने हेतु राज्यों को सहायता प्रदान करना।

उपर्युकत सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना।

पात्रता:

- सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर डिग्री / स्वास्थ्य संबंधी क्षेत्र में एम.फिल सहित बी.एससी (आनर्स) नर्सिंग।

- आरसीएच में न्यूनतम 6-7 वर्ष का अनुभव जिसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत राज्यों/जिलों के लिए सहायता प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।

- संगत डाटा और दस्तावेज ढूंढने हेतु एनएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वाइंट और वेब सर्फिंग जैसे आम तौर पर प्रयुक्त पैकेजों की जानकारी के साथ कंप्यूटर के उपयोग में उच्च स्तरीय प्रवीणता।

- उत्तम संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर-वैयक्तिक योग्यता, अंग्रेजी में बोलने एवं लिखने का उत्तम कौशल, हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।

- बहु-विषयी समूह के वातावरण में कार्य करने की स्पष्ट योग्यता।

- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों में यात्रा करने के इच्छुक।

- उन उम्मीदवारों, जो राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्य कर चुके है, को वरीयता दी जाएगी।

- यदि उच्च स्तर की कोई प्रकाशित रचना हो या विशेष महत्व के कार्य का अनुभव हो, तो औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु: दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000/-रु. से 1,30,000/-रु. के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **consultant.nm@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।